# खेतड़ी में ओवरलोडवाहनों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## पांच डंपरों को जब्त कर जूर्माना वसूल किया


बबाई पुलिस ने शुक्रवार को ओवरलोडिंग वाहनो के खिलाफ कार्रवाई की।

**खेतड़ी, ( निसं )** बबाई पुलिस ने शुक्रवार को ओवरलोडिंग वाहनो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांचओवरलोडडंपरों को जब्त किया है। इस दौरान जुर्माना भी वसूल किया गया । थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश परओवरलोडवाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस की ओर से अलग-अलग टीमें लगाकरओवरलोडवाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीम ने बबाई में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान खेतडी के खनन क्षेत्र सेओवरलोडपत्थर व डस्ट लेकर आ रहे पांच वाहन जब्त किए गए, जिसमे दोओवरलोडवाहन, एक बिना फिटनेस के पाया गया। इसके अलावा छह वाहनों को एमवी एक्ट के मामले में जब्त किए गए है। उन्होंने बताया कि खेतडी का खनन क्षेत्र होने के कारण यहांओवरलोडिंग वाहनों का आवागमन सबसे अधिक होता है, जिसको लेकर विभाग की अलग-अलग टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुएओवरलोडडंपरों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जिस पर विभाग की ओर से जुर्माना वसूल किया गया है। इस कार्यवाही से राजस्व वसूल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र मेंओवरलोडडंपरों का संचालन अधिक होने के चलते आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था, जिसको लेकर पूर्व में भी ठाामीणों की ओर से भी समस्या को लेकर अवगत करवाया गया था। इस संबंध में अभियान में और तेजी लाकर प्रभावी कार्रवाई करओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जाएगा। इस दौरान जब्त किए गए वाहनों को थाने में खडा करवाया गया है।

■ आए दिन हो रहे है ओवरलोड डंपरों से हादसे

## श्रीडूंगरगढ़ पालिका में स्थाई ई.ओ. नहीं होने से आमजन परेशान

**बीकानेर, (कासं)।** श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर कस्बेवासी परेशान हैं। वहीं सत्तारूढ दल इस मुद्दे पर जानबूझकर अनजान सा बना हुआ है। पालिका में आमजन की सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है, जिससे कस्बेवासियों के पालिका से जुड़े रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

कस्बेवासी अपने कार्यों के लिए पालिका कार्यालय जाते हैं, तो जवाब मिलता है कि ईओ साहब नहीं है। पालिका के चक्कर काटने के सिवाय आमजन के पास कोई उपाय नहीं है। नगर पालिका की कार्यशैली विवादित ही रही है, लेकिन अब अधिशासी अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों के रिक्त पद शहरवासियों के लिए कोढ़ में खाज का काम रहे हैं।

पद रिक्त होने के कारण पालिका कार्यालय में अधिकतर कर्मचारियों की कुर्सियां खाली ही नजर आती है। स्थाई ईओ सहित अन्य कार्मिकों के पद रिक्त होने के कारण आमजन के राशन कार्ड, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आदि कार्य अटके हैं। साथ ही निर्माण स्वीकृति की फाइलें भी पेंडिंग पड़ी है।

गत 29 जनवरी के बाद से लगातार पालिका अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। इसके बाद अन्य अधिकारियों के पास अधिशासी अधिकारी पद का अतिरिक्त चार्ज रहा है।

## ई-आर.सी. और ई-ड्राइविंग लाइसेंस की ओर बढ़ा रूझान

**बीकानेर, (कासं)** वाहनों के रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों को अब ई-आरसी व ई-ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा मिल रही है।

कोई भी नया वाहन मालिक आरसी और लाइसेंस के लिए आवेदन करता है, तो उन्हें ई-आरसी व ई-ड्राइविंग लाइसेंस मिल रहा है। वाहन स्वामी इनका पीवीसी कार्ड प्रिंट करवा सकता है। बीकानेर में खासतौर से ई-आरसी व ई-ड्राइविंग लाइसेंस के लिए युवाओं की रूचि बढ़ती दिख रही है। जानकारी के मुताबिक जिनके पूर्व में आरसी व ड्राइविंग लाइसेंस बने हुए हैं, उन्होंने भी ई-आरसी व ई-ड्राइविंग के लिए आवेदन किया है।

यह सुविधा मिलने से अब वाहन संबंधी सभी डॉक्यूमेंट मोबाइल में सुरक्षित रह सकेंगे, जो जरूरत पड़ने पर उपयोग लिए जा सकेंगे। परिवहन विभाग की ओर से एक अप्रेल से अब तक 3961 आरसी और 2632 ई-ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन जारी हो चुके हैं। ई-आरसी व ई-ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को कियोस्क मशीन से इनका पीवीसी कार्ड प्राप्त करना है। साथ ही इन्हें लिंक के माध्यम से अपने मोबाइल व डिजी लॉकर में डाउनलोड करना है। सूत्रों के मुताबिक ई-ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा शुरू करने से आमजन को राहत मिली है।

## सार-समाचार

### अभियान बैठक 1 मई को

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर शुरू होने वाले 'मेरी मातृभूमि, मेरी जिम्मेदारी' अभियान की पहली बैठक 1 मई को सायं 5.15 बजे जिला उद्योग संघ सभागार में होगी। विधायक व्यास ने बताया कि बीकानेर शहर के अनेक नागरिक देश और दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं और विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ऐसे लोगों को मातृभूमि से जोड़ने और इनके सहयोग बीकानेर के सर्वांगीण विकास का रोड मैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए शहर के मौजीज लोगों के साथ बैठक चर्चा की जाएगी और अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आगामी समय में प्रवासी बीकानेरियों का सम्मेलन करवाया जाना भी प्रस्तावित है।

### यादें बिनाका गीतमाला कल

**बीकानेर, (कासं)।** अमन कला केन्द्र द्वारा 28 अप्रैल को शाम 7 बजे टाउन हॉल में मोहम्मद रफी जन्म शताब्दी वर्ष व मशहूर रेडियो अनाउंसर अमीन सयानी को याद करते हुए रंगारंग फिल्मी गीतों का कार्यक्रम यादें बिनाका गीत माला की कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अमन कला केन्द्र अध्यक्ष मो रफीक कादरी ने बताया कि इस अवसर पर पार्श्व गायक संगीतकार रफीक सागर का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर उपाध्यक्ष कांग्रेस अरविंद मिड्ढा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका डोली पाठक शिक्षाविद व समाजसेवी एन. डी. रंगा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ हिमांशु दाधीच, सैयद अख्तर अली, यशपाल नागपाल, डॉ मुकेश सिंघल, मोहम्मद सदीक संजीव ऐरन होंगे।

### खुशबू जोशी को पी.एच.डी.की उपाधि

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर ने सुश्री खुशबू जोशी को पीएचडी (मेडिसिन) की उपाधि प्रदान की है। सुश्री जोशी ने ह्यूमन एनाटोमी (शरीर रचना) विभाग एस.पी मेडिकल कॉलेज से 'प्रिवेलेंस एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ हाई रिस्क ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टाइप 16 एंड 18 इन कार्सिनोमा ऑफ सर्विक्स पेशेंट्स एट एस पी मेडिकल कॉलेज एंड एसोसिएटेड ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स बीकानेर राजस्थान' विषय पर अपना शोध कार्य डॉक्टर मोहन सिंह वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष एनाटोमी, एस पी मेडिकल कॉलेज के निर्देशन में पूरा किया है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 223 रोगी लाभान्वित


रतननगर थानाधिकारी जयप्रकाश चौधरी व जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव ठाकुरमल शर्मा का अभिनंदन किया गया।

**चूरू, (कासं.)।** निकटवर्ती कस्बे रतननगर के वार्ड 6 में पूर्व शिक्षाविद पं. घनश्याम शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने अपनी मां पदमा देवी व पिता घनश्याम शर्मा की पुण्य समृति में सेवा भारती समिति के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

डॉ. वेद प्रकाश शर्मा व पत्नी उर्मिला ने विधिवत् पूजा-अर्चना कर स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में 223 मरीजों को परामर्श व जाँच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाधिकारी जयप्रकाश चौधरी व जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव ठाकुरमल शर्मा ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. वेदप्रकाश शर्मा व डॉ. राजेन्द्र रायल ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में कैल्शियम जांच, शूगर, बीपी, यूरिक, एसिड, बी.एम.डी. व बीएमआई आदि जांचें की गई। शिविर में दवाईयां भी नि:शुल्क दी गई। इस अवसर पर नागरमल परिहार, नरेन्द्र चतुर्वेदी, विनोद शर्मा, नवरतन महर्षि, राधेश्याम कटारिया, गोपाल जालान, विजय गोठवाल, योगाचार्य शंकरलाल कटारिया, श्याम इंदोरिया सहित कस्बे के गणमान्यजन उपस्थित थे। रेखा सराफ, अनु जालान, विवेक मिश्रा, अरुण भार्गव, तपेश शर्मा, दुर्गेश वर्मा, सुमित सिंडोलिया, भानु शर्मा, क्रिश गोठवाल, पियुष तंवर, विकास चुलेट, मंगला देवी माटोलिया, खुश्बू देवी काछवाल, सोनू देवी जालान, वर्षा शर्मा, विजया शर्मा, सम्पत तंवर व अनिल स्वामी बिसाऊ ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## 15 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलम्बित

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले में मेडिकल स्टोर पर अनियमितताओं को लेकर प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर 15 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निश्चित समयावधि के लिए निलम्बित किए गए हैं। वहीं 8 रजिस्टर्ड फार्मासिस्टों के प्रकरण राजस्थान फार्मेसी काउंसिल को कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं।

लाइसेंसिंग ऑथोरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि फर्म मैसर्स न्यू विशाल मेडिकोज, फर्म मैसर्स सारस्वत मेडिकोज और फर्म मैसर्स जय श्रीश्याम मेडिकोज का 15 दिन (13 मई से 27 मई तक), फर्म मैसर्स न्यू राजस्थान मेडिकोज का 10 दिन (13 मई से 22 मई तक), फर्म मैसर्स हरूण अमिशा मेडिकल एंड जनरल स्टोर का 10 दिन (6 मई से 15 मई तक), फर्म मैसर्स साहिल मेडिकोज और फर्म मैसर्स आर.के. मेडिकोज का 7 दिन (13 मई से 19 मई तक) के लिए लाइसेंस निलम्बित किया गया है।

वहीं फर्म मैसर्स खान मेडिकोज स्टोर का 4 दिन (13 मई से 16 मई तक), फर्म मैसर्स राफेल फार्मेसी का 3 दिन (6 मई से 8 मई तक), फर्म मैसर्स रमेश मेडिकोज का 3 दिन (13 मई से 15 मई तक), फर्म मैसर्स श्रीराम मेडिकल स्टोर का 3 दिन (6 मई से 8 मई तक), फर्म मैसर्स नानू मेडिकल स्टोर का 2 दिन , फर्म मैसर्स निखिल मेडिकल एंड जनरल स्टोर और फर्म मैसर्स श्री शाक्य मेडिकल स्टोर का 2 दिन एवं फर्म मैसर्स सन्नी मेडिकल स्टोर का 1 दिन के लिए लाइसेंस निलम्बित किया गया है।

# कोटगेट फाटक पर अंडरपास के स्वीकृत कार्य को तुरंत चालू करें : बी. डी. कल्ला


विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस का शिष्टमंडल पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला के नेतृत्व में कलेक्टर नम्रता वृष्णि से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा।

**बीकानेर, (कासं)।** विगत कांग्रेस सरकार द्वारा बीकानेर शहर की मूलभूत समस्या कोटगेट और सांखला रेलवे फाटक की समस्या का निदान करते हुए अंडर पास हेतु राशि और कार्यादेश जारी होने के बाद भी अब तक काम चालू ना करने के विरोध स्वरूप आज एक शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर से वार्ता कर ज्ञापन दिया।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया शिष्टमंडल का नेतृत्व पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला और जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने किया। कल्ला ने ज्ञापन के बाद जिला कलेकटर से कहा की जिस कार्य की राशि स्वीकृत कर उसकी उसके लिए अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है, उसको रोकना गलत है और ये समस्या कांग्रेस या भाजपा की नहीं आमजन की है। उसके लिए स्वार्थ पूर्ण राजनीति उचित नहीं है। जल्द ही उसका कार्य चालू करें वरना कोई और कदम उठाना पड़ेगा। क्योंकि आम जनता की तकलीफों को दूर करना कांग्रेस अपना धर्म मानती है।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि कार्य आदेश जारी हो चुके हैं फिर किसी व्यक्ति के कहने मात्र से इस कार्य को रोकना गलत है। आप जल्द से जल्द इस कार्य को चालू करवाएं वरना कांग्रेस को कठोर कदम उठाकर जनांदोलन का रूख अख्तियार करना पड़ेगा। प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया की शिष्टमंडल में प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ, उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास पार्षद जावेद पडिहार, महासचिव विक्की चड्ढा, राहुल जादुसंगत, कर्नल शिशुपाल सिंह इंटक नेता महेंद्र देवड़ा, ओमप्रकाश वाल्मीकि, महिला नेत्री मुमताज शेख, वंदना गुप्ता, सचिव मनोज चौधरी, सफी खान, श्याम कुमार तंवर, दिनेश कल्ला, जीतू नायक, किशन तंवर, किशन ओझा उर्फ घंटी, नूर मोहम्मद नागौरी, मैक्स नायक, सुरेश वाल्मीकि, माणक सहित कांग्रेस पदाधिकारी शामिल थे।

**व्यास ने पब्लिसिटी स्टंट बताया :** पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला द्वारा कोटगेट रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज बनाए जाने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने को बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने पब्लिसिटी स्टंट बताया है। व्यास ने कहा कि डॉ. कल्ला छह बार विधायक रहे और हमेशा रेलवे बाईपास को ही बेहतर विकल्प बताते रहे। विधायक के तौर पर अपने छठे कार्यकाल के अंतिम बजट में अंडरपास के लिए आनन-फानन में बजट स्वीकृत करवाया। इसके बाद भी छह माह तक उनकी सरकार रही लेकिन इच्छा शक्ति के अभाव में यह काम एक कदम आगे नहीं बढ़ पाया। यह खुद पूर्व मंत्री ने ही स्वीकार किया है कि कोई ठेकेदार इसके लिए आगे नहीं आया। क्योंकि तकनीकी तौर पर प्रथमदृष्टया यह अनुकूल और स्थाई उपाय नहीं है।

विधायक व्यास ने कहा कि नई सरकार बनने के साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद से इस संबंध में चर्चा की। तात्कालिक संभागीय आयुक्त, डीआरएम और जिला कलेक्टर से भी इसके स्थाई समाधान के लिए बातचीत कर चुके हैं। वर्तमान में पिछले डेढ़ माह से आचार सहिता प्रभावी है और इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हो सकती। इसके बावजूद इतने वरिष्ठ नेता द्वारा ज्ञापन देना और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कोटगेट रेलवे फाटक की समस्या का स्थाई समाधान सरकार और उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। लोकसभा चुनाव पूर्ण होने के बाद इस संबंध में कार्यवाही की जायेगी।

## पानी मिलने पर होगी बीटी कॉटन की बुवाई

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** गंगनहर में बीस दिन की नहरबंदी और आईजीएनपी व भाखड़ा नहर परियोजना में सिंचाई पानी मिलने पर अब श्रीगंगानगर खंड में बीटी कॉटन की बुवाई शुरू हो जायेगी। श्रीगंगानगर खंड में बीटी कॉटन की डेढ़ दर्जन किस्में है। इनमें से चयन कर किसान बीटी कॉटन की बुवाई कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष श्रीगंगानगर खंड में चार लाख 38 हजार 307 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बीटी कॉटन की बुवाई हुई थी। गुलाबी सुंड़ी से 20 से 90 प्रतिशत तक हुआ नुकसान था। पिछले वर्ष बीटी कॉटन की फसल में 20 से 90 प्रतिशत तक श्रीगंगानगर-अनूपगढ़ और हनुमानगढ़ जिले में नुकसान हुआ। वहीं औसत नुकसान 66 प्रतिशत से अधिक माना गया है। बीटी कॉटन की फसल को गुलाबी सुंडी ने तहस-नहस कर दिया। इस कारण कॉटन का उत्पादन प्रति हेक्टेयर महज आठ से 10 क्विंटल तक ही हुआ। श्रीगंगानगर जिले में वर्ष पिछले वर्ष बीटी कॉटन की बुवाई 2,29094 हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुई थी। विभिन्न कंपनियों की बीटी कपास बीजी-2 (बीटी नरमा) समूह की भिन्न-भिन्न संकर किस्मों की बुवाई की गई। इसमें कपास के सभी खेतों में गुलाबी सुंडी का प्रकोप आर्थिक हानि स्तर (ईटीएल) 10 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस कीट से सीआरवाई एसी जीन के विरूद्ध प्रतिरोधकता विकसित कर ली है। इस कीट का प्रकोप कम करने के लिए विभिन्न उन्नत कृषि तकनीक विधियों को अपनाना एक विकल्प हैं। बीटी कपास की बुवाई का उपयुक्त समय 1 मई से 20 मई है। किसान मध्य अप्रेल से पूरी मई तक इसकी बुवाई कर सकते हैं।

# 'कृषि वैज्ञानिक ज्यादा से ज्यादा रिसर्च कर किसानों तक पहुंचाएं'


क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार सलाहकार समिति की बैठक को डॉ. पी.एस.शेखावत ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र में 25 और 26 अप्रैल को दो दिवसीय क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु 10 विभिन्न अनुशंषाएं की गई व 06 तकनीकों को परीक्षण हेतु ग्राह्य परीक्षण केन्द्र ( एटीसी) भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ. पी. एस. शेखावत और विशिष्ट अतिथि भू सदृशयता एवं राजस्व सर्जन निदेशक डॉ दाताराम, अतिरिक्त निदेशक कृषि प्रसार डॉ एस.एस. शेखावत व काजरी अध्यक्ष डॉ नवरतन पंवार थे। बैठक की अध्यक्षता कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस.आर.यादव ने की। अनुसंधान निदेशक डॉ पी.एस. शेखावत ने वैज्ञानिकों और किसानों के बीच दूरी को कम करने के लिए प्रसार व रिसर्च को एक साथ कार्य करने की जरूरत बताई। भू-सदृश्यता एवं राजस्व सर्जन निदेशक डॉ दाताराम ने एटीसी पर ट्रायल बढ़ाने और अतिरिक्त निदेशक कृषि प्रसार डॉ एस.एस. शेखावत ने कृषि वैज्ञानिकों को ज्यादा से ज्यादा रिसर्च कर किसानों तक पहुंचाने की बात कही।

कृषि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस.आर. यादव ने बताया कि बैठक में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न फसलों में उत्पादन बढ़ाने के लिए बाजरा की उन्नत किस्में एच.एच.बी.-299 व पी.सी.-701 तथा पोषक तत्वों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाना, मूंगफली में उन्नत किस्म आर. जी.-638 एवं सिंचाई प्रबंध, ग्वार की उन्नत किस्में आर.जी.आर.-18-1, 12-1 एवं खरपतवार नियंत्रण तथा पत्ती झुलसा रोग और तिल की किस्म आर.टी.-372 समेत कुल 10 अनुशंषा की गई।

## सोने का बताकर नकली हार देने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** जेएनवीसी थाना पुलिस ने सोने का हार बताकर नकली हार देकर लोगों से ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर द्वारा 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत चलाये जा रहे विशेष अभियान मे कार्यवाही के लिए ओमप्रकाश महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के निर्देशानुसार व अति. पुलिस अधीक्षक शहर बीकानेर दीपक शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत सदर रमेश आईपीएस के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी जेएनवीसी सुरेन्द्र पचार के नेतृत्व में शहर बीकानेर व आस-पास के क्षेत्र में लोगों को सोने का हार बताकर नकली हार देकर ठगी करने की वारदातों व अन्य चोरियों व थाना हाजा पर ठगी का दर्ज प्रकरण में आरोपियों को ट्रेस करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार आसूचना संकलन कर गली मौहल्लों में संदिग्ध घूमने वाले व्यक्तियों के बारे में पता कर सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर मुल्जिम दिनेश कुमार सोलंकी पुत्र अर्जुन कुमार सोलंकी उम्र 24 साल निवासी सीकवाडा रोड सोमता पुलिस थाना रामसिंन जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया जिससे अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में सुरेन्द्र पचार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना जेएनवीसी सुरेन्द्र मीणा हैड कानि पुलिस थाना जेएनवीसी, शेरसिंह हैड कानि., साहबराम हैड कानि पीबीएम पुलिस चौकी बीकानेर, अशोक कानि., गणेश कानि. राकेश कानि, सागर कानि पुलिस थाना जेएनवीसी बीकानेर शामिल थे।

# 'फील्ड विजिट के लिए फार्मेट बनाकर कार्यों की बिन्दुवार जांच करें अधिकारी'

■ जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली

■ पेयजल के अवैध कनेक्शन काटे जाने की बाद संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता से इन कनेक्शनों की नियमित मॉनिटरिंग करवाते हुए रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए


आयोजना, सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** आयोजना, सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव व जिला प्रभारी सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली और प्रगतिरत कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जैन ने कहा कि सभी अधिकारी और कार्मिक कार्यालय समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। कार्यालय की साफ-सफाई के प्रति भी संजीदगी से ध्यान दें और समुचित साफ सफाई रखवाएं। समस्त पत्रावलियां और रिकॉर्ड दुरूस्त रखे जाएं। उन्होंने कहा कि साफ माहौल से कार्य के प्रति भी उत्साह बना रहता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी विभागों में ई-फाइलिंग अपनाई जाए। इससे कार्य तेजी से होंगे तथा सिस्टम में पारदर्शिता आ सकेगी। अधिकारी अपने यहां आने वाले परिवाद प्राथमिकता से सुनें तथा आमजन के हित से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्यवाही हो। प्रभारी सचिव ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएचईडी, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट ली।

उन्होंने कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों के फील्ड विजिट की समुचित रिपोर्ट लें, निर्धारित फार्मेट बनाकर बिन्दुवार कार्यों की जांच हो। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा कि प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर विभागाध्यक्ष कार्ययोजना तैयार करें और कमजोर ब्लॉक और ग्राम पंचायतों का चिन्हीकरण कर निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप कार्य करवाने पर विशेष फोकस रहे।

शिक्षा और पंचायती राज जैसे विभाग, प्राथामिकता के आधार पर प्रस्ताव लें और उन्हें पूर्ण करवाएं। शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा कि जिले की जिन स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय नहीं हैं, वहां प्राथमिकता से शौचालय निर्माण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित की गई ऐसी 152 स्कूलों में जल्द शौचालय बन जाए यह सुनिश्चित हो।

प्रभारी सचिव ने कहा कि पेयजल स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल के नमूने बढ़ाने के साथ नमूनों के परिणाम के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह बताया जाए कि पेयजल स्वच्छता की नकारात्मक रिपोर्ट के बाद सुधार के लिए क्या कार्यवाही की गई। पेयजल के अवैध कनेक्शन काटे जाने की बाद संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता से इन कनेक्शनों की नियमित मॉनिटरिंग करवाते हुए रिपोर्ट लें, जिससे ये कनेक्शन पुन: ना जुड़ें।

जैन ने कहा कि जेएलआर की सफाई के संबंध एक वार्षिक शेड्यूल तैयार करें और उसी के अनुरूप इसकी सफाई सुनिश्चित करवाएं। सफाई दिनांक जेएलआर पर स्पष्टतया अंकित हो। सभी विभागों के अधिकारी पूरी रिपोर्ट और तथ्यों के साथ बैठक में आएं। आधी अधूरी सूचनाएं स्वीकार्य नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में जिले की स्थिति की जानकारी लेते हुए जैन ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में रिपोर्टिंग सुनिश्चित करवाते हुए स्वयं भी फील्ड विजिट करें। सीईओ जिला परिषद सोहनलाल ने पंचायती राज विभाग की प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु यक्ष चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर उम्मेद सिंह रतनू, अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी मुकेश गुप्ता, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित, सांख्यिकी उपनिदेशक सुशील कुमार शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।